आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 गुरूवार 16.10.2025

<u>मुख्य समाचारः–</u>

1– छत्तीसगढ़ में आज एक सौ सत्तर माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण–केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया में पोस्ट कर दी जानकारी।

2– प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए छत्तीसगढ़ "सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य" घोषित।

3– व्यापमं ने अगले साल आयोजित की जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया।

4– प्रदेश से मानसून की हो गई है विदाई–हालांकि, दक्षिण बस्तर के कुछ इलाकों में हो सकती है हल्की वर्षा।

<u>माओवादी आत्मसमर्पण</u>

छत्तीसगढ़ में आज एक सौ सत्तर माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। केंद्रीय गृहमत्री अमित शाह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ''एक्स'' पर यह जानकारी देते हुए बताया कि कल भी छत्तीसगढ़ में सत्ताईस माओवादियों ने हथियार डाले थे। वहीं, महाराष्ट्र में भी इकसठ नक्सली हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री ने बताया कि पिछले दो दिनों में कुल दो सौ अंठावन वामपंथी उग्रवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ा है। श्री शाह ने कहा कि हिंसा छोड़कर भारत के संविधान में अपना विश्वास पुर्नस्थापित करने के लिए इन माओवादियों के निर्णय की मैं सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की निरंतर कोशिशों का ही यह परिणाम है कि नक्सलवाद आखिरी सांसें ले रहा है। श्री शाह ने कहा कि नक्सलियों के विरुद्ध हमारी नीति स्पष्ट है। जो आत्मसमर्पण करना चाहते हैं, उनका स्वागत है, लेकिन जो लोग हथियार उठाए रहेंगे, उन्हें हमारी सुरक्षा बलों की कठोर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सभी नक्सलियों से मेरी अपील है कि वे अपने हथियार त्याग दें और मुख्यधारा में लौट आएं।

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष की बात है कि एक समय आतंक का गढ़ रहे छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और उत्तर बस्तर को आज नक्सली हिंसा से पूरी तरह मुक्त घोषित कर दिया गया है। अब छिटपुट नक्सली केवल दक्षिण बस्तर में बचे हुए हैं, जिन्हें हमारे सुरक्षा बल शीघ्र ही समाप्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि जनवरी दो हजार चौबीस में छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद से इक्कीस सौ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। एक हजार सात सौ पचासी को गिरफ्तार किया गया है और चार सौ सतहत्तर को न्यूट्रीलाइज किया गया है। श्री शाह ने कहा कि यह मार्च दो हजार छब्बीस से पहले नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के हमारे दृढ़ संकल्प का प्रतिबिम्ब है।

<u>प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना–पुरस्कार</u>

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए छत्तीसगढ़ को "सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य" घोषित किया गया है। कल भोपाल में आयोजित एनएचए कॉन्क्लेव के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सीईओ सुनील कुमार बर्नवाल ने राज्य नोडल एजेंसी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉक्टर प्रियंका शुक्ला और प्रोजेक्ट डायरेक्टर धर्मेन्द्र गहवाई को यह सम्मान प्रदान किया। यह उपलब्धि राज्य नोडल एजेंसी द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही को सुदृढ़ करने के लिए की गई पहल का परिणाम है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रदेश को मिली इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को सभी जिलों की समीक्षा बैठकों के प्रमुख एजेंडा में शामिल किया गया है।

## पीडीएमसी योजना

केन्द्र सरकार ने कुशल जल उपयोग को बढ़ावा देने और किसानों की आय को बढ़ाने के लिए ड्रॉप मोर क्रॉप योजना के अंतर्गत नई सुविधा प्रदान की है। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि राज्य और केंद्रशासित प्रदेश अब स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर डिग्गी निर्माण और जल संचयन प्रणाली जैसी छोटे स्तर के जल प्रबंधन गतिविधियों की योजना बना सकते हैं। मंत्रालय ने बताया कि ये प्रणालियां किसानों और सामुदायिक प्रयोग के लिए विकसित की गई है, ताकि सूक्ष्म सिंचाई के लिए सतत् जल उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

## व्यापमं–परीक्षा कैलेंडर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल–व्यापमं ने अगले साल आयोजित की जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। इसमें भर्ती और प्रवेश परीक्षाएं शामिल हैं। परीक्षा कैलेंडर में अप्रैल दो हजार छब्बीस से दिसंबर दो हजार छब्बीस तक होने वाली इकतीस से अधिक परीक्षाओं की संभावित तिथियां घोषित की गई हैं। कैलेंडर के अनुसार पीईटी, पीपीटी और पीवीपीटी की परीक्षाएं मई और जून महीने में होंगी। वहीं, प्री–डीएलएड, प्री–बीएड और एमससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षाएं चार, ग्यारह और चौदह जून को आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं की फार्मेसिस्ट ग्रेड–टू और तकनीकी शिक्षा–पीईटी के लिए बारह अप्रैल और चौदह मई को परीक्षाएं होंगी। इसी तरह, पुलिस विभाग में सहायक उप निरीक्षक के लिए बारह जुलाई, जल संसाधन विभाग में अनुदेशक पद के लिए दो अगस्त और नगर सेना के लिए फायरमैन और स्टोरकीपर की भर्ती परीक्षाएं उन्नीस तथा पच्चीस अक्टूबर को होंगी।

## विकसित भारत क्विज

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने विकसित भारत युवा नेता संवाद क्विज की अंतिम तिथि इकतीस अक्टूबर तक बढ़ा दी है। मंत्रालय ने बताया है कि माई भारत पोर्टल के माध्यम से बीस लाख से अधिक युवा प्रतिभागी इस क्विज में भाग ले चुके हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि देश के युवाओं की सकारात्मक प्रतिक्रिया को देखते हुए अंतिम तिथि बढ़ाई गई है।

## प्रधानमंत्री प्रवास–तैयारी शुरू

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने कल नवा रायपुर स्थित राज्योत्सव स्थल का जायजा लिया और तैयारियों की समीक्षा की। श्री पिंगुआ ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी इकतीस अक्टूबर की रात रायपुर आएंगे। वे एक नवंबर को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा श्री मोदी शहीद वीरनारायण सिंह जनजातीय संग्रहालय, छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवनिर्मित भवन और प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग सेंटर एकेडमी फॉर ए पीसफुल वर्ल्ड "शांति शिखर" का भी शुभारंभ करेंगे। अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री सत्य सांई अस्पताल में हृदय का ऑपरेशन कराने वाले बच्चों से बातचीत भी करेंगे।

रेलवे–अमृत संवाद/वाईटीएस

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में "अमृत संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल भानुप्रतापपुर, दल्लीराजहरा और बालोद रेलवे स्टेशन में मंडल रेल प्रबंधक दयानंद की उपस्थिति में "अमृत संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री दयानंद ने कहा कि "अमृत संवाद" कार्यक्रम का उद्देश्य रेल प्रशासन और नागरिकों के बीच एक सशक्त और सीधा संवाद स्थापित करना है।

इस बीच, यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने रायपुर के अग्रसेन चौक में यात्री टिकट सेवा केंद्र–वाईटीएस सुविधा का शुभारंभ किया है। इस सेवा के शुरू होने से यात्रियों को आरक्षित और अनारक्षित टिकिट की सुविधा मिल सकेगी।

जशपुर–एग्रीस्टैक परियोजना

जशपुर जिले की सभी तहसीलों में एग्रीस्टैक परियोजना के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। जिले के सात सौ चवालीस गांवों के चार लाख से अधिक खसरों में डीसीएस के माध्यम से और शेष खसरों में मैन्युअल गिरदावरी कर फसलों की ऑनलाइन प्रविष्टि की गई है। इससे प्राप्त डाटा का उपयोग राज्य सरकार धान खरीदी सहित अन्य कृषि योजनाओं में करेगी।

महिला फुटबॉल प्रतियोगिता

नारायणपुर के रामकृष्ण मिशन आश्रम में खेली गई तीसवीं सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब मणिपुर की टीम ने जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में मणिपुर ने पश्चिम बंगाल की टीम को शून्य के मुकाबले एक गोल से पराजित किया। समापन कार्यक्रम में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सहित देशभर के दस राज्यों की टीमों ने भाग लिया।

मौसम

दक्षिण पश्चिम मानसून की छत्तीसगढ़ से विदाई हो गई है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि प्रदेश में मानसून का असर लगभग खत्म हो गया है। हालांकि, दक्षिण बस्तर के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

संक्षिप्त समाचार

– छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता बनवारीलाल अग्रवाल का आज निधन हो गया है। उनके निधन पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह सहित भाजपा नेताओं ने दुख व्यक्त किया है।

– एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने बालोद जिले में स्वास्थ्य विभाग के दो कर्मचारियों – युगल किशोर साहू और सुरेन्द्र कुमार सोनकर को पंद्रह–पंद्रह हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।

– प्रदेश में शीघ्रलेखन (स्टेनोग्राफर) और मुद्रलेखन (टाईपिंग) कम्प्यूटर कौशल परीक्षा के लिए तीस अक्टूबर तक ऑनलाईन आवेदन किए जा सकते हैं।

– अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स रायपुर द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान मनोरोग विभाग द्वारा एम्स परिसर में जागरूकता और आउटरीच कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

– रायपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी में सहयोग क्लब की टीम की ओर से स्वच्छता ही सेवा विशेष अभियान के तहत चौदह अक्टूबर से पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सफाई मित्रों और विद्यार्थियों में स्वास्थ्य जागरूकता और स्वच्छता की आदतों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

– दुर्ग ज़िले में कलेक्टोरेट चौक के सामने बीती रात नगर निगम के वाहन की चपेट में आने से दोपहिया सवार एक युवक और एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, एक अन्य युवती गंभीर रूप से घायल हो गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>